
# एमएस पावरपॉइंट 2013 में बुलेट और नंबरिंग का उपयोग कैसे करें
# (How to Use Bullets and Numbering in MS PowerPoint 2013)


प्रभावी पावरपॉइंट प्रस्तुतियों को बनाने के लिए, दर्शकों के पढ़ने के लिए अपनी स्लाइड को आसान बनाना महत्वपूर्ण होता है। ऐसा करने के सबसे आम तरीकों में से एक टेक्स्ट को बुलेट या नंबर लिस्ट के रूप में फॉर्मेट करना है। डिफ़ॉल्ट रूप से, जब आप किसी प्लेसहोल्डर में टेक्स्ट टाइप करते हैं, तो प्रत्येक पैराग्राफ की शुरुआत में एक बुलेट लगाया जाता है-स्वचालित रूप से बुलेट लिस्ट बनाते हैं। यदि आप चाहते हैं, तो आप एक अलग बुलेट स्टाइल चुनकर या नंबर लिस्ट में स्विच करके लिस्ट में सुधार कर सकते हैं।

## बुलेट स्टाइल में सुधार कैसे करें (How to modify the bullet style)

- सबसे पहले मौजूदा लिस्ट का चयन करें जिसे आप फॉर्मेट करना चाहते हैं।
- Home tab पर स्थित, Bullets ड्रॉप-डाउन तीर पर क्लिक करें।





- दिखाई देने वाले मेनू से वांछित Bullets Style का चयन करें।





- Bullets Style लिस्ट में दिखाई देने लगेगी।

## क्रमांकित सूची को कैसे संशोधित करें (How to modify a numbered list)

- सबसे पहले मौजूदा लिस्ट का चयन करें जिसे आप फॉर्मेट करना चाहते हैं।
- Home tab पर स्थित, numbering ड्रॉप-डाउन तीर पर क्लिक करें।




- दिखाई देने वाले मेनू से इच्छित numbering विकल्प का चयन करें।





- लिस्ट में numbering विकल्प दिखाई देने लगेगे ।


## प्रारंभिक संख्या कैसे बदलें (How to change the starting number)

डिफ़ॉल्ट रूप से, क्रमांकित सूचियां (numbered lists) नंबर एक से शुरू होती है। हालांकि, कभी-कभी आप किसी भिन्न संख्या से गिनती करना शुरू कर सकते हैं, जैसे आप लिस्ट को नंबर 11 से शुरू करना चाहते हैं तो –

- सबसे पहले मौजूदा क्रमांकित लिस्ट (numbered lists) का चयन करें।
- इसके बाद Home tab पर स्थित, numbering ड्रॉप-डाउन तीर पर क्लिक करें।
- दिखाई देने वाले मेनू से Bullets and Numbering का चयन करें।




- एक डायलॉग बॉक्स दिखाई देगा। Start At field में, वांछित प्रारंभिक संख्या दर्ज करें।





- लिस्ट संख्या बदल जाएगी।

*Modifying the list’s appearance*


जब आप बुलेट या क्रमांकित लिस्ट का उपयोग करते हैं तो आपको Bullets or numbering के आकार और रंग को बदलने की आवश्यकता महसूस होती होगी ऐसा करने से आपकी प्रेजेंटेशन और भी सुन्दर और आकर्षित दिखाई देने लगेगी।

## आकार और रंग को कैसे संशोधित करें (How to modify the size and color)


- मौजूदा बुलेट लिस्ट का चयन करें।
- Home tab पर स्थित, Bullets ड्रॉप-डाउन तीर पर क्लिक करें।





- दिखाई देने वाले मेनू से Bullets and Numbering का चयन करें।



- एक डायलॉग बॉक्स दिखाई देगा। Size फ़ील्ड में, बुलेट आकार सेट करें।




- Color ड्रॉप-डाउन बॉक्स पर क्लिक करें और एक रंग का चयन करें।





- Ok पर क्लिक करें। लिस्ट नए बुलेट आकार और रंग दिखाने के लिए अपडेट हो जाएगी।

### *Customizing bullets*


आपकी लिस्ट में Bullets के रूप को अनुकूलित करने से आप कुछ लिस्ट आइटमों पर जोर दे सकते हैं या अपनी लिस्ट के डिज़ाइन को वैयक्तिकृत कर सकते हैं। Bullets को अनुकूलित करने का एक आम तरीका Symbols का उपयोग करना है।

## बुलेट के रूप में प्रतीक का उपयोग कैसे करें (How to use a symbol as a bullet)


- मौजूदा बुलेट लिस्ट का चयन करें।
- Home tab पर स्थित, Bullets ड्रॉप-डाउन तीर पर क्लिक करें।





- दिखाई देने वाले मेनू से Bullets and Numbering का चयन करें।




- एक डायलॉग बॉक्स दिखाई देगा। बुलेट टैब पर, Customize पर क्लिक करें।




- Symbol डायलॉग बॉक्स दिखाई देगा।
- फ़ॉन्ट ड्रॉप-डाउन बॉक्स पर क्लिक करें और एक फ़ॉन्ट का चयन करें। Wingdings and Symbol फॉण्ट अच्छे विकल्प हैं क्योंकि इसमें बहुत उपयोगी Symbol होते हैं।
- वांछित Symbol का चयन करें।



- Ok पर क्लिक करें। Symbol अब Bullets and Numbering डायलॉग बॉक्स में चयनित Bullets विकल्प के रूप में दिखाई देगा।




- दस्तावेज़ में लिस्ट में Symbol लागू करने के लिए फिर से Ok पर क्लिक करें।